
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# राज्य सरकार का अधिकारियों पर कोई अंकुश नहीं: बेहड़

## पुलिस का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नही

**आरोप**

■जिले में बढ़ते अपराधों को लेकर अत्यधिक चिंतित व व्यथित है: बेहड़

**संवाददाता**

रूद्रपुर। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ ने कहा कि वह जिले में बढ़ते अपराधों को लेकर अत्यधिक चिंतित व व्यथित है। उन्होंने कहा कि जिस तरह अधिकारियों पर राज्य सरकार का कोई अंकुश नहीं है ठीक उसी तरह पुलिस का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि बेखौफ अपराधी बेलगाम हो चुके हैं।

यहां जारी एक बयान में बेहड़ ने कहा कि एक के बाद एक गोलीकांड से अपराधी लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। फेहरिस्त लम्बी है जिसमें किच्छा गोलीकांड, भदईपुरा( पहाड़गंज) गोलीकांड, गदरपुर के खानपुर लिंक मार्ग बैरियर गोलीकांड, सितारगंज गोलीकांड, कीरतपुर गोलीकांड, मलसा गिरधरपुर, गोलीकांड प्रमुख हैं।




### बढ़ते क्राइम का जिम्मेदार कौन ?

इससे यह तय नहीं हो पाता की उधमसिंह नगर में बढ़ते क्राइम का जिम्मेदार कौन है। बेहड़ ने कहा कि यदि पुलिस विभाग ने अपनी कार्यशैली नहीं सुधारी तो वह ध्यान रखें कि इस सरकार में न सही तो अगली सरकार में उन्हें कड़े सवालों और कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि लगता है कि अपराधियों को पुलिस व कानून का कोई डर ही नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि शायद उधम सिंह नगर की पुलिस की अक्षमता से अपराधी भी वाकिफ हो चले हैं। उन्होंने कहा कि वहीं चोरियों में भी गंभीर इजाफा हुआ है।

उन्होंने कहा कि शहर की अनेक मोबाइल दुकानों पर सेंधमारी हो चुकी है, मगर स्थानीय पुलिस के हाथ खाली हैं। कभी चोरी गए फोन पाकिस्तान तो कभी बांग्लादेश में चलना बताकर पुलिस अपना पल्ला झाड़ लेती है।

उन्होंने कहा कि बमुश्किल अपना घर चलाने वाले व्यापारी चोरियों से आर्थिक रूप से टूट चुके हैं, इसकी चिंता किसी को नहीं है। बेहड़ ने कहा कि जनपद भर के पुलिस अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल साबित होने के साथ वह अपराधियों की धरपकड़ में भी नाकामयाब साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में पुलिसिया कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लाजिमी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारी कानून के रक्षक बनने की जगह पंचायती बन चुके हैं। हर मामले में पंचायत करने की प्रवृत्ति जन्म ले चुकी है।

बेहड़ ने कहा की उधम सिंह में पिछले काफी समय से अपराध रोकने के लिए एसपी क्राइम की पोस्टिंग चली आ रही है परन्तु अपराध रोकने में पूर्ण रूप से नाकाम साबित हुई है । जबसे एसपी क्राइम की पोस्टिंग हुई है आज तक कोई भी खुलासा क्राइम पुलिस नहीं कर पाई है एवं जनता पर बोझ साबित हो रही है।

पूर्व में भी कई बार इनकी कार्यशैली पर कई बार प्रश्न चिन्ह लग चुके हैं की दलालों का अड्डा बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर कई बार देखने में आया है पुलिस के कर्मचारी भी आपस में बटे–बटे से दिखाई देते हैं।

## न्यूज डायरी

### रेड जोन से आने वालों की होगी रेंडम जांच

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में अब रेड जोन से आने वाले पांच यात्रियों की रैंडम जांच की जायेगी। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद अब जिले में कोरोना की जांच को बढाने का फैसला लिया गया। बता दें कि रैंडम जांच के दोरान एक भी व्यक्ति के पांजीटिव पाये जाने पर बस में सवार प्रत्येक व्यक्ति को संस्थांगत क्वारंटाइन में रखे जाने की सूचना मिली है। यह जानकारी जिलाअधिकारी डां विजय कुमार जोगदडे ने दी ।

### कोरोना संक्रमण के लिए जिले में तैयार किये गये बेड

**संवाददाता** पिथौरागढ। कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये जिले में स्वास्थ महकमा चौकन्ना हो गया है। बता दें कि जिले में कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए विभाग ने 43 बेड तैयार कर लिये है। बता दें कि जिला वर्तमान में ग्रीन जांन में शामिल है। वही बाहर से रोजाना काफी तादात में आ रहे लोगों से संक्रमण के फैलने की आशंका बनी हुई है। वही नोडल अधिकारी डां आरएस ढकरियाल ने बताया कि जिले से अभी तक तक 28 लोगों के नमूने जांच केलिए भेजी गई थी । वही इन सबकी रिपोर्ट निगेटिव आई है।

### जरूरतमंदों की सेवा में लगे है बच्चन सिंह रावत

**संवाददाता** देहरादून। समाज सेवी उधोगपति बच्चन सिंह रावत के द्वारा आज देहरादून में लोक सांई वृद्धाश्रम प्रेम नगर में खाद्य सामागी् वितरित की गई। इस अवसर पर उन्होंने प्रेम नगर थाने के एसओ धर्मेन्द्र रौतेला, लोक गायिका बीना बोरा उपस्थित थी, इस अवसर पर बच्चन सिंह रावत ने उत्तराखण्ड के केई क्षेत्र में खाद्य सामागी् वितरण किया, साथ ही उत्तराखण्ड के जरुरतमंद कलाकारों व जरुरत मंद लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की।

### बीएमडब्ल्यू एक्सटेंडेड केयर सर्विस के साथ निरंतर खुशी की गारंटी

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने देश में संपूर्ण डीलर नेटवर्क में अपने ग्राहकों के लिए बीएमडब्ल्यू एक्सटेंडेड केयर+सर्विस अभियान शुरू करने की घोषणा की है। बीएमडब्ल्यू ग्राहक अब विस्तृत आफ्टरसेल्स सर्विसेस, प्री–मॉनसून एवं इलेक्ट्रिकल फंक्शन प्राप्त करके सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी बीएमडब्ल्यू हर वक्त तैयार रहे। अर्लिंडो टेक्सेरा, एक्टिंग प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, बीएमडब्ल्यू में हम अपने ग्राहकों को उनके बीएमडब्ल्यू वाहन की सर्वश्रेष्ठ देखशल करके ड्राईविंग का अतुलनीय अनुभव देना चाहते हैं।



लॉकडाउन में मिली छूट पर बाजारों का नजारा कुछ यू दिख रहा है...

# ये भी किसी कोरोना वारियर्स से कम नहीं

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। कोरोना संकट काल में जहां तमाम जनसेवक व संगठन अपने अपने तरीकों से जरूतमंदों की सेवा में दिन रात लगे हुए है। चाहे व पर्यावरण मित्र हो, चिकित्सक व पुलिस कर्मी इन्ही लोगों में से अपनी जान जोखिम डालकर प्रवासियों को उनके गंतव्यों तक पहुचाने में रोडवेज वाहन चालकों का योगदान भी किसी सेवा से कम नही लगता।

प्रदेश के अन्य राज्यों से अपने ग्रह जनपदों में वापस लाने के लिए सरकार से अनुमति मिलने के बाद रोडवेज के चालक मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। पहाड़ और मैदान में ये रोडवेज वाहन चालक दिन रात

### अपनी जान जोखिम में डालकर निभा रहें अपना कर्त्वय

पसीना बहाकर खुद की जान की परवाह किये बिना घरों से जो प्रवासी लोग दूर रह रहे है उनको सही सलामत उनके गंतव्यों तक पहुचाने में मदद कर रहे है। सेवा में कोई भी कम नही है।

जानकारी जो हाथ लगी है के मुताबिक जिले में रोडवेज ने 40 वाहन लोगों को उनके गंतव्यों तक पहुचाने में सडकों में उतारे है। सेवा देने वालों में कुछ युवा चालक व बुर्जुग चालक भी सेवा देने किसी से कम नही है। बता दें कि येवाहन चालक जनपद से काठगोदाम तक के पर्वतीय मार्ग के साथ ही हल्द्वानी से गुडगांव हरियाणा तक सेवा देने में दिन रात लगे हुए है। हर बस में दो चालक सेवा के लिए लगाये हुए है। दोनों आपस में बारी बारी से सहयोग कर रहे है। जहां देशव्यापी लाकडाउन के चलते मार्गो में भोजन व पानी भी इनकोनही मिल पा रहा है। ऐसे समय में ये तमाम चालक स्वयं ही परेशानी झेलने को मजबूर हो रहे है। ये लोग खुद ही भुखे प्यासे रहकर प्रवासियों को लाने में लगे है। इन वाहन चालकों का मानना है कि बाहर फसें लोगों को लाना ऐसे समय में उनकी प्राथमिकता मान रहे है। इन लोगों ने वाहन में किसी के कोरोना से संक्रमित होने की आंशका को दर किनार किया है। लोगों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाना अपनी जिम्मेदारी मानते हुए अपने दायित्वों का पूरी तरह से पालन कर सेवा में जुटे हुए है।

## जरूरमंदों के लिए वितरित किया गया भोजन

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द द्वारा लगातार 46वें दिन 320 खाने के पैकेट हरिद्वार बाई पास पुलिस चौकी के माध्यम से वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के सचिव गजेन्द्र भंडारी ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए लगातार यह कार्य किया जाता रहेगा।

यहां जारी एक बयान में समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने बताया की लगातार इतने दिनों से सामुदायिक भवन सरस्वती विहार से 300 से 400 खाने के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं जिसमें सभी क्षेत्रवासियों का मातृशक्ति का और युवा शक्ति का निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ समिति ने शुरू से ही अपने क्षेत्र के बुजुर्गों व बच्चों को घरों में रहने का आग्रह किया था जिसको यहां के लोगों ने माना और उनको होने वाली परेशानियों का समिति ने विशेष ख्याल रखा है। इस अवसर पर गजेन्द्र भंडारी ने कहा है कि इस सेवा को लगातार जारी रखा जायेगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट, सचिव गजेंद्र भंडारी, उपाध्यक्ष कैलाश तिवारी, कनिष्ठ मंत्री सुबोध मैथानी, प्रचार सचिव सोहन सिंह रौतेला आदि उपस्थित थे।